आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज नई दिल्ली से बिलासपुर ज़िले के लिए वर्चुअल माध्यम से 8 बड़ी विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इनमें कोल डैम में जलक्रीड़ा गतिविधियों का शुभारम्भ और उपायुक्त कार्यालय में 70 लाख रुपये से निर्मित सौर ऊर्जा चालित रूफटॉफ प्लांट का लोकार्पण भी शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने साढ़े चार करोड़ रुपये से निर्मित शहरी आजीविका केंद्र, 40 लाख रुपए से बनी चार स्पैस प्रयोगशालाएं और अढ़ाई करोड़ रुपये से निर्मित मॉडल कैरियर सेंटर को भी जनता को समर्पित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोविंद सागर झील में साहसिक गतिविधियों से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय युवाओं को रोजगार के साधन भी सृजित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और प्रदेश में आय के सृजन का ये सबसे बड़ा क्षेत्र है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रदेश में दो हजार 4 सौ करोड़ रुपये की लागत से नए पर्यटन स्थल विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके अलावा तीन से पांच सितारा श्रेणी के दो सौ होटल विकसित करने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

हिमाचल दिवस

हिमाचल दिवस का राज्य स्तरीय समारोह 15 अप्रैल को इस बार चंबा ज़िले के पांगी में आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मंडी, स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल धर्मशाला, कृषि मंत्री चंद्र कुमार ऊना, उद्योग मंत्री हर्ष वर्धन चौहान सोलन, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी केलंग, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नाहन, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह शिमला, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कुल्लू और तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी रिकांगपिओ में ज़िला स्तरीय समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके अतिरिक्त पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर.एस. बाली हमीरपुर और विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार बिलासपुर में ज़िला स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे।

भाजपा–अम्बेदकर

संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश भाजपा 13 से 25 अप्रैल तक सम्मान अभियान कार्यक्रम चलाएगी। इसे लेकर कल शिमला में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश भाजपा महासचिव बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और 14 अप्रैल को हर मंडल में भाजपा कार्यकर्ता डॉक्टर भीम राव अम्बेदकर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

केवाईसी

केंद्र सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार प्रदेश में पीडीएस लाभार्थियों की ई–के.वाई.सी. शुरू हो गई है। इसका उदेश्य राशन वितरण में पारदर्शिता लाना है और सभी पात्र लाभार्थियों को इस सरकारी योजना का लाभ प्रदान करना है। खाद्य आपूर्ति विभाग ने पी.डी.एस. लाभार्थियों की सुविधा के लिए किसी भी उचित मूल्य की दुकान पर ई–के.वाई.सी. करवाने का प्रावधान किया है। इसके अलावा लाभार्थी लोकमित्र केंद्र पर जाकर भी अपनी ई–के.वाई.सी. करवा सकते हैं।

अग्निशमन सप्ताह

प्रदेश में 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा। इस दौरान अग्निशमन विभाग के जवान लोगों को आग से सुरक्षा और बचाव के तरीकों पर जानकारी देंगे। विभाग के मुख्य अग्निशमन अधिकारी संजीव कुमार ने आज शिमला में बताया कि 14 अप्रैल 1940 को मुम्बई बंदरगाह में मालवाहक जहाज में लगी आग बुझाते समय शहीद हुए 66 अग्निशमन जवानों की याद में ये सप्ताह मनाया जाता है। शिमला के बल्देयां से अग्निशमन सप्ताह का शुभारम्भ होगा।

————————————